राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं: 03, दिनांक: 07.09.2023

चल रहा है ट्रायल रनः मोटेरा से गांधीनगर तक 28 किमी में 22 स्टेशन

पीएम के बर्थडे पर मिलेगी गांधी नगर तक मेट्रो!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर को अहमदाबाद से गांधीनगर तक की मेट्रो ट्रेन की सौगात मिल सकती है। पीएम के 16 व 17 सितम्बर के बीच गुजरात दौरे की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में वे मेट्रो ट्रेन में सफर कर नई सौगात दे सकते है।

फिलहाल अहमदाबाद में पूर्वी छोर पर वस्त्राल से थलतेज और पश्चिम छोर पर मोटेरा से एपीएमसी-वासणा तक मेट्रो चलाई जा रही है। मोटेरा से गांधीनगर तक मेट्रो प्रारंभ होने पर अहमदाबाद के किसी भी छोर पर रहने वाले आमजन गांधीनगर तक मेट्रो से जा सकेंगे।

फिलहाल मोटेरा से लेकर गांधीनगर में सेक्टर-1 के च-2 क्षेत्र और गिफ्टी तक मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन चल रहा है। मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त ने निरीक्षण भी कर लिया है। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अनुसार यह प्रोजेक्ट अहमदाबाद में नरेन्द्र मोदी स्टेडियम (मोटेरा) से महात्मा मंदिर तथा गिफ्ट सिटी को जोड़ने वाला है। यह 28 किमी का है। 22 स्टेशन हैं। 21 किमी में स्टेडियम से सेक्टर-1 तथा जीएनएलयू से गिफ्ट सिटी तक चरणबद्ध तरीके से ट्रायल रन चल रहा है।

पुलिस कमिश्नर की नई इमारत का लोकार्पण भी : अभी आधिकारिक रूप से यह स्पष्ट नहीं किया गया है। लेकिन बताया जाता है कि पीएम मोदी अहमदाबाद में पुलिस कमिश्नर की नई इमारत का लोकार्पण कर सकते हैं। गांधीनगर में ग्रीन एनर्जी समिट का उद्घाटन करने की भी संभावना है।

महात्मा मंदिर तक दिसम्बर तक संभव

मेट्रो ट्रेन महात्मा मंदिर तक चलाई जा सकती है। इस कार्य के इस वर्ष के अंत तक पूर्ण होने की संभावना है। आगामी समय में मेट्रो ट्रेन सेक्टर-1 में च-2 से च-3, छ- 3, पुलिस भवन, अक्षर धाम और रोड नंबर 5 और ख-5 होते हुए महात्मा मंदिर तक दौड़ाई जाएगी।